# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

## प्रेस–विज्ञप्ति

*संख्या–**86/2025***

### राजभवन में बिहार मातृ एवं शिशु कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गयी

**पटना 08 सितम्बर, 2025 :–** लेडी गवर्नर श्रीमती रेशमा आरिफ की अध्यक्षता में राजभवन के सभागार में बिहार मातृ एवं शिशु कल्याण समिति की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें उन्होंने महत्वपूर्ण निदेश दिये।

लेडी गवर्नर ने सर्वाइकल कैंसर के टीकाकरण हेतु व्यापक प्रचार–प्रसार कराने तथा राज्य स्वास्थ्य समिति से समन्वय स्थापित कर लक्षित आयु वर्ग की बच्चियों का टीकाकरण कराने को कहा। उन्होंने मातृत्व एवं शिशु कल्याण समिति के केन्द्रों में आधारभूत संरचना को मजबूत करने तथा वहाँ सुविधाएँ बढ़ाने का भी निदेश दिया ताकि अधिकाधिक महिलाएँ एवं बच्चे लाभान्वित हो सकें।

बैठक में प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष डॉ० ए० ए० हई ने बिहार मातृ एवं शिशु कल्याण समिति के इतिहास, उद्देश्य एवं गतिविधियों पर प्रकाश डाला, जबकि कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष डॉ० शंकर नाथ ने अद्यतन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

बैठक में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, स्वास्थ्य विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के प्रतिनिधिगण, प्रबंध समिति एवं कार्यकारिणी समिति के पदाधिकारीगण, सदस्यगण, विशेष आमंत्रित सदस्यगण तथा राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण व अन्य लोग उपस्थित थे।

..........................................